दिनांक 18.05.2025
प्रेस विज्ञप्ति 29/2025

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

जनपद शामली/थाना कोतवाली शामली

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल बिना नम्बर**
- **01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 18.05.2025 को थाना कोतवाली शामली व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जंगल ग्राम लिसाढ़ के पास पुलिस कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त महताब घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल बिना नम्बर, 01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली शामली पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, सहारनपुर के विभिन्न थानों पर चोरी, लूट, डकैती, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 16 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—महताब निवासी ग्राम सोंटा रसूलपुर थाना थानाभवन जनपद शामली।

बरामदगी

1—01 मोटर साइकिल बिना नम्बर।

2—01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस।

जनपद हरदोई/थाना सवायजपुर

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 18.05.2025 को थाना सवायजपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हरपालपुर थाना क्षेत्र से पुरस्कार घोषित अभियुक्त ज्ञानू को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना लोनार पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सवायजपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–ज्ञानू निवासी ग्राम बरहुली थाना हरपालपुर जनपद हरदोई।

जनपद मुजफ्फरनगर/थाना तितावी

- **पुलिस कार्यवाही में अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 18.05.2025 को थाना तितावी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नगला पिथौरा से छतैला जाने वाले मार्ग पर मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त शाहबाज घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानों पर चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना तितावी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—शाहबाज निवासी कुल्हेड़ी थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर।

बरामदगी

1—01 मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

कमिश्नरेट वाराणसी/थाना रामनगर

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 ट्रेलर**
- **03 मोबाइल फोन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 17.05.2025 को थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बन्दरगाह रोड पर चेकिंग के दौरान बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—आरिफ घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2—गुलफाम 3—शादाब सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 01 ट्रेलर, 03 मोबाइल फोन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है, जिनमें अभियुक्त आरिफ के विरूद्ध जनपद रामपुर के विभिन्न थानों पर सीएस एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना रामनगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—आरिफ निवासी मोहल्ला घेर मरदान खां थाना कोतवाली जनपद रामपुर।

2—गुलफाम निवासी खेमपुर रसूलपुर थाना स्वार जनपद रामपुर।

3—शादाब निवासी घेर नजुखॉ थाना गंज जनपद रामपुर।

बरामदगी

1—01 ट्रेलर।

2—03 मोबाइल फोन ।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

कमिश्नरेट वाराणसी/थाना लंका

- **पुलिस कार्यवाही में 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 ट्रक**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 18.05.2025 को थाना लंका पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर लौटूबीर अण्डरपास के पास बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—नजमुद्दीन 2—मो0 हसन घायल हो गये, जिन्हे अभियुक्त 3—अलीशेर 4—गूंगा सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 01 ट्रक, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना लंका पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—नजमुद्दीन निवासी कस्बा मीरगंज, सूफी टोला जनपद बरेली।

2—मो0 हसन निवासी नौगवा थाना शहजादनगर जनपद रामपुर।

3—अलीशेर निवासी दिलावरगंज थाना इन्होना जनपद रायबरेली।

4—गूंगा निवासी रावतपुर जनपद शाहजहॉपुर।

बरामदगी

1—01 ट्रक।

2—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

ए0एन0टी0एफ0/थाना ए0एन0टी0एफ0 बाराबंकी

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 100 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा**
- **02 चार पहिया वाहन**
- **30 हजार 600 रूपये नगद**
- **01 मोबाइल फोन आदि बरामद**

दिनांक 17.05.2025 को थाना ए0एन0टी0एफ0 बाराबंकी की पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सम्राट फैक्ट्री के पास मेन रोड पर थाना गौरीगंज अमेठी से अभियुक्त त्रिलोचन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 100 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा, 02 चार पहिया वाहन, 30 हजार 600 रूपये नगद, 01 मोबाइल फोन आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—त्रिलोचन निवासी ग्राम पूरे गोसाई, जंगलराम नगर थाना अमेठी जनपद अमेठी।

बरामदगी

1—लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 100 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा।

2—02 चार पहिया वाहन।

3—30 हजार 600 रूपये नगद।

4—01 मोबाइल फोन आदि।

एस0टी0एफ0: गैगेंस्टर एक्ट में वांछित रू0 50,000/– का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गुफरान गिरफ्तार।

दिनांक–18–05–2025 को एस0टी0एफ0 उत्तर प्रदेश को थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0–72/2025 धारा–2/3 गैगेंस्टर में वांछित एवं रू0 50,000/– के पुरस्कार घोषित अभियुक्त गुफरान खान को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:–

गुफरान खान पुत्र मो0 मुस्तफा खान निवासी ग्राम हण्डौर पूरे नाहर, थाना लीलापुर, जनपद प्रतापगढ़।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय:–

भागीपुर गॉव के पास सड़क पर थाना क्षेत्र रानीगंज जनपद प्रतापगढ़, दिनांक: 18–05–2025, समय 12:40 बजे।

एसटीएफ उ0प्र0 को विगत काफी दिनों से फरार/पुरस्कार घोषित अपराधियों द्वारा सक्रिय आपराधिक घटनाएँ कारित करने की सूचनाएँ प्राप्त हो रहीं थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ की विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में श्री शैलेश प्रताप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, एसटीएफ फील्ड इकाई, प्रयागराज के पर्यवेक्षण में निरीक्षक श्री जय प्रकाश राय, एसटीएफ फील्ड इकाई, प्रयागराज के नेतृत्व में टीम गठित कर अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

प्रयागराज टीम द्वारा थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़ में पंजीकृत मु0अ0सं0–72/2025 धारा–2/3 गैगेंस्टर एक्ट में वांछित व रू0 50,000/– के पुरस्कार घोषित अभियुक्त गुफरान खान की गिरफ्तारी हेतु अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर के माध्यम से ज्ञात हुआ कि अभियुक्त गुफरान खान भागीपुर सड़क पर मौजूद है, जो कहीं बाहर भागने की फिराक में है। मुखबिर द्वारा दी गयी सूचना पर विश्वास कर उप निरीक्षक श्री विनय तिवारी, मुख्य आरक्षीगण हबीब सिद्दीकी, साजित अली, विकास तिवारी, सुनील कुमार, प्रवीण जायसवाल, पंकज तिवारी

व आरक्षी चालक मनोज कुमार यादव की टीम थाना क्षेत्र रानीगंज प्रतापगढ़ पहुँची तथा मुखबिर की निशादेही पर अभियुक्त गुफरान खान उपरोक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त गुफरान खान उपरोक्त ने पूंछताछ में बताया कि उसका ट्रक/वाहन आदि चोरी/लूट/डकैती करने का एक संगठित गिरोह है, जिसमें वह अपने अन्य साथीगण नदीम, बृजेश कुमार, शकील, महमूद आदि के साथ मिलकर घटना को अन्जाम दिया करते हैं। माह दिसम्बर 2023 में मोहनलालगंज, जनपद लखनऊ से सीमेन्ट की चादर लोड करके खड़गपुर पश्चिम बंगाल के लिए ट्रक संख्या–एन0एल0–01–ए0टी0–3183 को लेकर चालक/वाहन स्वामी जा रहा था, जो थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़ में तिवारी ढ़ाबा व वीआईपी ढ़ाबा के मध्य चालक लघुशंका के लिए उतर ही रहा था कि पीछे से असलहा लगाकर बोलेरो गाड़ी में बैठा लिया तथा जौनपुर की तरफ जाने वाले रास्ते में आगे चलकर नशीला पदार्थ खिलाकर उसे बेहोश कर दिया और ट्रक पर लदे सीमेन्ट की चादरे व 25,000 रू0 नकदी लूटकर वहॉ से भाग गये और लूटे गये पैसे आदि को आपस में बॉट लिया था। इसी प्रकार माह फरवरी 2024 में एनटीपीसी बारा के पास 14 चक्का कन्टेनर को खड़ी कर रात्रि लगभग 11 बजे ट्रक चालक सो रहा था कि उसी समय हम लोग ट्रक में घुसकर उसका मुँह दबाकर मारा–पीटा तथा हाथ पैर व ऑख में पट्टी बॉधकर ट्रक लेकर भाग गये। लगभग 5–7 किमी0 गाड़ी चलने के बाद ट्रक चालक को उतारकर दूसरी गाडी में डाल दिये और बरगढ़ थाने से लगभग 7 किमी0 पहले रोड के किनारे छोड़ दिया था और कन्टेनर गाडी को लेकर चले गये। उक्त घटना के बाद चालक/मालिक जो ट्रक नं0 यू0पी0–45–टी–7672 से पीपरपुर अमेठी से ईंट लादकर रीवा मध्य प्रदेश ले जाते समय सुल्तानपुर प्रतापगढ़ मार्ग पर स्थित सैनिक ढ़ाबा गोड़े थाना कोतवाली नगर, प्रतापगढ़ के पास खड़े ट्रक को दिनांक 11–03–2024 प्रातः 03:00 बजे चोरी कर लिया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 110/24 धारा 379 भादवि का अभियोग पंजीकृत हुआ था, जिसमें बरामदगी होने के उपरान्त अभियुक्तों के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया है। अभियुक्त गुफरान खान को थाना शंकरगढ़ में पंजीकृत मु0अ0सं0 44/24 में गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेजा गया था। जेल से छूटने

के बाद वह अपने घर में रह रहा था कि गैंगेस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत होने एवं पुरस्कार घोषित होने की जानकारी होने पर गिरफ्तारी से बचने के लिए वह अलग–अलग स्थान पर छिपकर रहने लगा।

गिरफ्तार अभियुक्त गुफरान खान उपरोक्त को थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0–72/2025 धारा–2/3 गैगेंस्टर एक्ट में थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ में दाखिल किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा अमल में लायी जायेगी।

गिरफ्तार अभियुक्त गुफरान खान उपरोक्त का ज्ञात आपराधिक इतिहास :–

क0सं0	मु0अ0सं0	धारा	थाना	जनपद
1	508/2009	5/25 आर्म्स एक्ट	लालगंज	प्रतापगढ़
2	44/2024	34/342/395/397/412/420/467 468/120बी भादवि	शंकरगढ़	प्रयागराज
3	48/2024	328/364/392/413/467/468 120बी भादवि	फतनपुर	प्रतापगढ़
4	59/2024	307 भादवि व 3/25/27 आर्म्स	शंकरगढ़	प्रयागराज
5	110/2024	395/412 भादवि	को0नगर	प्रतापगढ़
6	72/2025	2/3 गैंगेस्टर एक्ट **(वांछित/पुरस्कार घोषित 50 हजार रूपये)**	फतनपुर	प्रतापगढ़

———————